Downloaded From : http://cbseportal.com/

**SET-1**

**Series SGN**

कोड नं.
Code No. **64/1**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **11** हैं तथा **2** पृष्ठ मानचित्रों के हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **22** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **11** printed pages and **2** pages of maps.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **22** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# भूगोल (सैद्धान्तिक)

# GEOGRAPHY (Theory)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 70*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 70*



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

**सामान्य निर्देश :**

(i) इस प्रश्न पत्र में कुल **22** प्रश्न हैं ।

(ii) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

(iii) प्रश्न संख्या **1** से **7** अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **40** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

(iv) प्रश्न संख्या **8** से **13** लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **3** अंक का है । इनमें से एक प्रश्न मूल्य आधारित प्रश्न है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **80 – 100** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

(v) प्रश्न संख्या **14** से **20** दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **5** अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **150** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

(vi) प्रश्न संख्या **21** और **22** मानचित्रों पर पहचान अथवा स्थानीकरण तथा भूगोलीय विशेषताओं से संबंधित प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **5** अंक का है ।

(vii) आपको दिए गए **विश्व** तथा **भारत** के रेखा–मानचित्रों को उत्तर–पुस्तिका से संलग्न अवश्य करें ।

(viii) रेखा-मानचित्रों के रेखांकन के लिए **स्टेन्सिल** या **टेम्पलेट्स** के उपयोग की अनुमति दी जाती है ।

***General Instructions :***

*(i) There are **22** questions in all.*

*(ii) **All** questions are compulsory.*

*(iii) Question numbers **1** to **7** are very short-answer questions carrying **1** mark each. Answer to each of these questions should not exceed **40** words.*

*(iv) Question numbers **8** to **13** are short-answer questions carrying **3** marks each. Out of these one question is a value based question. Answer to each of these questions should not exceed **80 – 100** words.*

*(v) Question numbers **14** to **20** are long-answer questions carrying **5** marks each. Answer to each of these questions should not exceed **150** words.*

*(vi) Question numbers **21** and **22** are related to identification or locating and labelling of geographical features on maps, carrying **5** marks each.*

*(vii) Outline maps of the **World** and **India** provided to you must be attached within your answer-book.*

*(viii) Use of **templates** or **stencils** for drawing outline maps is allowed.*


Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

**1.** वृद्धि और विकास में अन्तर स्पष्ट कीजिए । *1*

Differentiate between growth and development.

**2.** भारत, विश्व में एक लोकप्रिय पर्यटक गंतव्य स्थान क्यों है ? *1*

Why is India a popular tourist destination in the world ?

**3.** 'चतुर्थ क्रियाकलापों' की महत्ता का मूल्यांकन कीजिए । *1*

Evaluate the importance of 'quaternary activities'.

**4.** 'प्रादेशिक नियोजन' की संकल्पना की जाँच कीजिए । *1*

Examine the concept of 'regional planning'.

**5.** मुम्बई में सूती वस्त्र मिलों की स्थापना के लिए उत्तरदायी किन्हीं दो कारकों का उल्लेख कीजिए । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

Mention any two factors responsible for the establishment of cotton textile mills in Mumbai.

**6.** कोलकाता समुद्री-पत्तन के समक्ष उपस्थित प्रमुख समस्या का उल्लेख कीजिए । *1*

State the major problem being faced by Kolkata sea-port.

**7.** अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार में वायु परिवहन के किन्हीं दो लाभों का उल्लेख कीजिए । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

State any two advantages of air transport in the International trade.

**8.** "आदिम समुदाय पूर्णत: प्राकृतिक पर्यावरण के साथ सामंजस्य बना कर रहा और फलत: मानव का प्राकृतीकरण हुआ ।" कथन की पुष्टि कीजिए । *3*

"The primitive communities lived in complete harmony with their natural environment and as such the humans were naturalised." Support the statement.

**9.** छोटे पैमाने के उद्योग और बड़े पैमाने के उद्योग में अन्तर स्पष्ट कीजिए । *3*

Differentiate between small scale manufacturing and large scale manufacturing.



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

**10.** विश्व में सड़क परिवहन की किन्हीं तीन प्रमुख समस्याओं का वर्णन कीजिए । *3×1=3*

Describe any three major problems of road transport in the world.


**11.** "हर जनवरी में फ़सल कटाई की ऋतु के बाद गुवाहाटी से 35 किलोमीटर दूर जागीरोड में 'जॉनबील मेला' लगता है और संभवत: यह भारत का एकमात्र मेला है, जहाँ 'वस्तु-विनिमय' व्यवस्था आज भी जीवित है । इस मेले के दौरान एक बड़े बाज़ार की व्यवस्था की जाती है और विभिन्न जनजातियों तथा समुदायों के लोग अपनी वस्तुओं का आदान-प्रदान करते हैं ।"

उपर्युक्त अनुच्छेद के संदर्भ में जनजातीय समुदायों के जीवन में 'वस्तु-विनिमय' व्यवस्था के मूल्यों को न्यायसंगत ठहराइए । *3*

"Every January after the harvest season 'Jonbeel Mela' takes place in Jagiroad, 35 kilometres away from Guwahati and it is possibly the only fair in India, where 'barter system' is still alive. A big market is organised during this fair and people from various tribes and communities exchange their products."

In light of the above paragraph, justify the values of 'barter system' in the lives of the tribal communities.

**12.** नीचे दिए गए आरेख का अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *1+2=3*





(12.1) कस्बों/नगरों के किस वर्ग में सबसे अधिक नगरीय जनसंख्या दिखाई गई है ?

(12.2) इस वर्ग के कस्बों/नगरों में जनसंख्या के उच्च संकेंद्रण होने के किन्हीं दो कारणों को स्पष्ट कीजिए ।


Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

Study the diagram given below and answer the questions that follow :




(12.1) Which class of towns/cities support the largest urban population ?

(12.2) Explain any two reasons for such a high concentration of population in this class of towns/cities.

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए, प्रश्न संख्या 12 के स्थान पर है :*

**Note :** *The following question is for the **Visually Impaired Candidates** only, in lieu of Q. No. 12 :*

भारत में नगरीय बस्तियों की किन्हीं तीन विशेषताओं की व्याख्या कीजिए । *3×1=3*

Explain any three features of urban settlements in India.

**13.** "बढ़ती हुई जनसंख्या और औद्योगिक विस्तारण के कारण जल के अविवेकपूर्ण उपयोग से जल की गुणवत्ता का बहुत निम्नीकरण हुआ है ।" इस कथन का मूल्यांकन कीजिए । *3*

"Indiscriminate use of water by increasing population and industrial expansion has led to degradation of the quality of water considerably." Evaluate the statement.

**14.** 'जनसंख्या के घनत्व' शब्द को परिभाषित कीजिए । विश्व में जनसंख्या के वितरण को प्रभावित करने वाले चार भौगोलिक कारकों की उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए । *1+4=5*

Define the term 'density of population'. Explain four geographical factors affecting the distribution of population in the world, with examples.

**15.** "भोजन संग्रह एवं आखेट जनजातीय समाजों के जीवन-निर्वाह के लिए आदिमकालीन आर्थिक क्रियाएँ हैं; परन्तु आधुनिक समय में भोजन संग्रह के कार्य का व्यापारीकरण भी हो गया है ।" इस कथन की जाँच कीजिए । *5*


"Gathering and hunting are the primitive economic activities meant for the subsistence of tribal societies, but in modern times gathering is market oriented and has become commercial." Examine the statement.



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

**16.** निम्नलिखित स्वेज नहर के मानचित्र का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *1+1+3=5*




(16.1) उस देश का नाम लिखिए जिसके बीच से यह नहर गुज़रती है ।

(16.2) इस नहर से जुड़े सागरों के नाम लिखिए ।


(16.3) इस नहर को हिन्द महासागर के लिए यूरोप का प्रवेश द्वार क्यों कहा जाता है ?



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

Study the following map of the Suez Canal carefully and answer the questions that follow :




(16.1) Name the country through which this canal passes.

(16.2) Name the seas connected by this canal.

(16.3) Why is this canal considered a gateway of Europe to the Indian Ocean ?



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए, प्रश्न संख्या 16 के स्थान पर हैं :*

**Note :** *The following questions are for the **Visually Impaired Candidates** only, in lieu of Q. No. 16 :*

(16.1) स्वेज नहर किस देश में बनाई गई है ?

(16.2) इस नहर के दोनों सिरों के समुद्री-पत्तनों के नाम लिखिए ।

(16.3) इस नहर के यूरोप और एशिया के लिए आर्थिक महत्त्व को स्पष्ट कीजिए । *1+1+3=5*

(16.1) In which country has the Suez canal been constructed ?

(16.2) Name the sea-ports on either end of this canal.

(16.3) Explain the economic significance of this canal to Europe and Asia.

**17.** "भारत में जनसंख्या की दशकीय और वार्षिक वृद्धि दरें दोनों बहुत ऊँची हैं और समय के साथ निरंतर बढ़ रही हैं ।" इस कथन को प्रमाणित कीजिए । *5*

"The decadal and annual growth rates of population in India are both very high and steadily increasing over time." Substantiate the statement.

**18.** भारत में 'जलसंभर प्रबंधन' और 'वर्षा-जल संग्रहण' धरातलीय जल संसाधनों के दक्ष प्रबंधन और संरक्षण की विधियाँ किस प्रकार हैं, स्पष्ट कीजिए । *5*

Explain how 'watershed management' and 'rainwater harvesting' are the methods of efficient management and conservation of surface water resources in India.

**19.** "ऊर्जा के अपरंपरागत स्रोत अधिक प्रारंभिक लागत के बावजूद अधिक टिकाऊ, पर्यावरण-अनुकूल तथा सस्ती ऊर्जा उपलब्ध कराते हैं ।" कथन की जाँच कीजिए । *5*

"The non-conventional sources of energy will provide more sustained, eco-friendly and cheaper energy if the initial cost is taken care of." Examine the statement.

**20.** भारत के राष्ट्रीय महामार्गों की किन्हीं पाँच विशेषताओं का वर्णन कीजिए । *5×1=5*

Describe any five characteristics of National Highways of India.


Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

**21.** **संसार** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 13 पर), में दिखाए गए पाँच भौगोलिक लक्षणों A, B, C, D और E की पहचान कीजिए और उनके सही नाम निम्नलिखित जानकारी की मदद से उनके पास खींची गई रेखाओं पर लिखिए : *5×1=5*

A. प्रमुख समुद्री-पत्तन

B. अन्तर्राष्ट्रीय वायु पत्तन

C. प्रमुख औद्योगिक प्रदेश

D. चलवासी पशुचारण का महत्त्वपूर्ण क्षेत्र

E. मेगा सिटी

Identify the five geographical features shown on the given political outline map of the **World** (on page 13) as A, B, C, D and E and write their correct names on the lines marked near them with the help of the following information :

A. A major sea-port

B. An international airport

C. A major industrial region

D. An important area of nomadic herding

E. A mega city

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए, प्रश्न संख्या 21 के स्थान पर हैं :*

***Note :*** *The following questions are for the **Visually Impaired Candidates** only, in lieu of Q. No. 21 :*

(21.1) नॉर्वे के किसी एक प्रमुख समुद्री-पत्तन का नाम लिखिए ।

(21.2) यमन के किसी एक अन्तर्राष्ट्रीय वायु पत्तन का नाम लिखिए ।

(21.3) पूर्वी संयुक्त राज्य अमेरिका के एक महत्त्वपूर्ण औद्योगिक प्रदेश का उल्लेख कीजिए ।

(21.4) पूर्वी अफ्रीका में चलवासी पशुचारण के एक महत्त्वपूर्ण क्षेत्र का नाम लिखिए ।

(21.5) ब्राज़ील के किसी एक 'मेगा सिटी' का नाम लिखिए । *5×1=5*



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

(21.1) Name any major sea-port of Norway.

(21.2) Name any international airport of Yemen.

(21.3) Mention an important industrial region of Eastern United States of America.

(21.4) Name an important area of nomadic herding in east Africa.

(21.5) Name any one mega city of Brazil.

**22.** **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 15 पर), में निम्नलिखित लक्षणों को उपयुक्त चिह्नों से दर्शाइए और उनके नाम लिखिए : *5×1=5*

(22.1) चाय का प्रमुख उत्पादक राज्य

(22.2) मयूरभंज – लौह-अयस्क खनन क्षेत्र

(22.3) कर्नाटक में महत्त्वपूर्ण इस्पात संयंत्र

(22.4) केरल में दक्षिणतम अन्तर्राष्ट्रीय वायु पत्तन

(22.5) उत्तर भारत में दस मिलियन से अधिक जनसंख्या वाला नगर

Locate and label the following features with appropriate symbols on the given political outline map of **India** (on page 15) :

(22.1) A major tea growing state

(22.2) Mayurbhanj – An area of iron ore mining

(22.3) An important steel plant in Karnataka

(22.4) An international southernmost airport in Kerala

(22.5) A city with a population of more than ten million in North India


Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए, प्रश्न संख्या 22 के स्थान पर हैं :*

***Note :*** *The following questions are for the **Visually Impaired Candidates** only, in lieu of Q. No. 22 :*

(22.1) भारत में चाय का प्रमुख उत्पादक राज्य कौन-सा है ?

(22.2) ओडिशा में किसी एक लौह-अयस्क खनन क्षेत्र का उल्लेख कीजिए ।

(22.3) कर्नाटक में स्थित एक महत्त्वपूर्ण इस्पात संयंत्र का नाम लिखिए ।

(22.4) केरल में किसी एक अन्तर्राष्ट्रीय वायु पत्तन का नाम लिखिए ।

(22.5) भारत के किस राज्य में नगरीकरण का सबसे निम्न स्तर है ? *5×1=5*

(22.1) Which is the major tea producing state in India ?

(22.2) Mention any one iron ore mining area in Odisha.

(22.3) Name an important steel plant located in Karnataka.

(22.4) Name any one international airport in Kerala.

(22.5) Which state of India has the lowest level of urbanisation ?



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE


Downloaded From : http://cbseportal.com/

प्रश्न सं. 21 के लिए

For question no. 21

संसार का राजनीतिक रेखा-मानचित्र

Political outline map of the World






Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE


Downloaded From : http://cbseportal.com/

प्रश्न सं. 22 के लिए

For question no. 22

भारत का रेखा-मानचित्र (राजनीतिक)

**Outline Map of India (Political)**






Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE